दैनिक
न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, मंगलवार 02 मई 2023
www.nyaysakshi.com

संपादकीय

अब कोई परदादारी नहीं

अब सीधा खेल है। आप अगर सरकार के खिलाफ बोले, तो आपका कोई ना कोई कथित अपराध ढूंढ लिया जाएगा। फिर एजेंसियां आपके यहां दस्तक देंगी। जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को मिले सीबीआई नोटिस का यही सदेश है। अब सीधा खेल है। आप अगर सरकार के खिलाफ बोले, तो आपका कोई ना कोई कथित अपराध ढूंढ लिया जाएगा। फिर एजेंसियां आपके यहां दस्तक देंगी। जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को मिले सीबीआई नोटिस का यही सदेश है। नरेंद्र मोदी सरकार ने कानून, कानून लागू करने वाली एजेंसियों और जिन तक उन एजेंसियों के हाथ पहुंचते हैं, उनके बारे में हर तरह के परदे गिरा दिए हैं। अब सीधा खेल है। आप अगर सरकार के खिलाफ बोले, तो आपका कोई ना कोई कथित अपराध ढूंढ लिया जाएगा। फिर एजेंसियां आपके यहां दस्तक देंगी। जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को मिले सीबीआई नोटिस का यही सदेश है। मलिक ने जब खुल कर अपनी बातें कहने का मन बनाया होगा, तब संभवत: उन्हें भी इसके संभावित नतीजे का अहसास रहा होगा। कम से कम उन लोगों को अवश्य ही था, जिन्होंने हाल में उनके इंटरव्यू सुने।

बहरहाल, सरकार ने अब उन्हें निशाना बना लिया है, तो इसके संभावित नतीजों का भी अनुमान लगाया जा सकता है। मलिक को जो मुश्किलें पेश आएंगी, वह तो जग-जाहिर है। लेकिन उसके साथ ही यह भी जाहिर हो रहा है कि ऐसी कार्रवाइयां अब रही-सही साख भी खो रही हैं। जिन विपक्षी नेताओं या सिविल सोसायटी संगठन या मीडिया संस्थान पर सरकारी एजेंसियों की कार्रवाई अब तनिक भर भी यह सदेह पैदा नहीं करती कि इसके पीछे सचमुच कोई वैध कारण रहा होगा। उलटे कार्रवाई का शिकार को लेकर समाज के एक बड़े हिस्से में सहानुभूति और समर्थन का भाव पैदा होता है।

सीबीआई का नोटिस मिलने की खबर आते ही सत्यपाल मलिक के लिए जिस तरह का समर्थन भाव देखा गया, वह इस बात की ठोस मिसाल है। इसके साथ ही सरकार के प्रति गुस्से की भावना भी बढ़ती नजर आ रही है। हकीकत यह है कि सरकार समर्थक समूहों के पास भी ऐसी कार्रवाइयों का समर्थन करने के तर्क कमजोर पड़ रहे हैं। तब ऐसे तर्क चूकने लगें, तो उसका सीधा मतलब होता है कि ताकत के जोर से सरकार चलाने की बढ़ी प्रवृत्ति बेनकाब होने लगी है। गौरतलब है कि ताकत मोहल्लों के दादाओं के पास भी होती है। लोग डरते उनसे भी हैं। लेकिन उनकी कोई साख नहीं होती। बल्कि उनके रुतबे को कानून की नाकामी के रूप में देखते हैं। क्या कुछ-कुछ ऐसा ही भाव सरकारी कार्रवाइयों के बारे में देखने को नहीं मिलने लगा है?

मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर ने पकड़ी रफ्तार, अप्रैल में चार महीने के हाई पर

नईदिल्ली। देश के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में इस साल तेजी देखी जा रही है। आंकड़े देखें तो अप्रैल का मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई चार महीनों के उच्चतम स्तर पर है। माना जा रहा है कि मजबूत फैक्ट्री ऑर्डर और प्रोडक्शन की वजह से मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई अप्रैल में 56.4 से बढक़र अप्रैल में 57.2 हो गया है।

मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई का अप्रैल का आंकड़ा एसएंडपी ग्लोबल इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) ने जारी किए हैं।

एस एंड पी ग्लोबल इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स की इकोनॉमिक एसोसिएट डायरेक्टर पॉलिन्ना डी लीमा ने कहा कि नए ऑर्डर मिलने से और प्रोडक्शन में तेजी आने की वजह से इस सेक्टर में तेजी देखने को मिली है। उन्होंने आगे कहा, 'कंपनियों पर प्राइस प्रेशर कम देखने को मिला है। साथ ही बेहतर इंटरनेशल सेल्स और सप्लाई चेन की स्थिति में सुधार से भी सेक्टर को फायदा मिला है। ऐसा लग रहा है कि इंडियन मैन्युफैक्चरर के पास आगे बढऩे के लिए काफी अवसर हैं।'

सर्वे के मुताबिक अप्रैल में इनपुट कॉस्ट में कफी तेजी देखने को मिली। हालांकि रिटेल महंगाई के खत्म होने की अभी संभावना नहीं है। डी लीमा के अनुसार मैन्युफैक्चरर के ऑपरेशनल कॉस्ट में इजाफा होने का संकेत दिया है, जिसमें फ्यूल, मेटल, ट्रांसपोर्टेशन और रॉ मटीरियल भी शामिल है।

परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स एक ऐसा सूचकांक है, जिसका इस्तेमाल मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर की मौजूदा स्थिति का आंकलन करने के लिए किया जाता है। इसे अलग-अलग कारोबारी पहलुओं को देखते हुए साथ ही मैनेजरों की राय के आधार पर तैयार किया जाता है।

पीएमआई में कई मैनेजरों से प्रोडक्ट, नए ऑर्डर, उद्योग की उम्मीदों एवं आशंकाओं और रोजगार से जुड़ी हुई राय ली जाती है। इसके साथ ही मैनेजरों से पिछले माह की तुलना में नई स्थिति पर राय और रेटिंग देने के लिए कहा जाता है। इसी के आधार पर हर महीने पीएमआई के आंकड़े जारी किए जाते हैं।

सरकार की 14 पाकिस्तानी मैसेंजर एप पर सर्जिकल स्ट्राइक

- मैसेज भेजने के लिए आतंकी कर रहे थे इस्तेमाल

नईदिल्ली। केंद्र सरकार ने पाकिस्तानी एप के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक करते हुए करीब 14 एप्लिकेशन पर बैन लगा दिया है। ये सभी एप पकिस्तान से संचालित की जा रही थी। दरअसल आतंकी इन मोबाइल मैसेंजर ऐप का इस्तेमाल संदेश फैलाने और पाकिस्तान से संदेश प्राप्त करने के लिए करते थे।

बता दें कि खुफिया एजेंसियों से गुप्त सूचना मिलने के बाद मोदी सरकार ने पाकिस्तान के 14 मोबाइल मैसेंजर एप्लिकेशन को ब्लॉक किया है। सूत्रों के मुताबिक़, इन एप का इस्तेमाल जम्मू-कश्मीर में बड़े पैमाने पर आतंक फैलाने के लिए किया जाता था।

भारत सरकार ने बताया है कि इन एप से देश की सुरक्षा को खतरा है, जिसके बाद इन्हें प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके पहले भारत ने पाकिस्तान से चलने वाले कई सोशल मीडिया एकाउंट पर कार्रवाई करते हुए बैन किया था।

सूत्रों के मुताबिक, जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों की कमर तोडऩे के लिए बड़ी कार्रवाई की गई है। जम्मू कश्मीर में एक्टिव आतंकवादी इन एप के जरिए पाकिस्तान में बैठे अपने आकाओं से संपर्क साधते थे।

कच्चा तेल 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में तेजी का रुख है। ब्रेंट क्रूड का भाव 80 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 77 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के भाव में कोई फेरबदल नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक सोमवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.61 डॉलर यानी 0.76 फीसदी की बढ़त के साथ 79.72 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.62 डॉलर यानी 0.81 फीसदी उछलकर 74.92 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

चीनी उत्पादन में महाराष्ट्र देश में पहले नंबर पर, 105 लाख 27 हजार टन हुआ चीनी उत्पादन

- राज्य की 210 चीनी मिलों ने 10 करोड़ 54 लाख 75 हजार टन गन्ने की पेराई का लक्ष्य पूरा किया

पुणे। इस वर्ष महाराष्ट्र की 210 चीनी मिलों ने 10 करोड़ 54 लाख 75 हजार टन गन्ने की पेराई का लक्ष्य पूरा किया है। इस वर्ष कुल 105 लाख 27 हजार टन का चीनी का उत्पादन हुआ है। वर्ष 2021 की तुलना में दो करोड़ 67 लाख टन गन्ने की पेराई कम हुई है, इसलिए इस बार 31.58 लाख टन चीनी का कम उत्पादन हुआ है।

चीनी आयुक्तालय के अनुसार इस वर्ष सबसे ज्यादा 18.41 लाख टन गन्ने की पेराई सोलापुर के वि_लराव शिंदे सहकारी चीनी मिल में हुई है। नेचुरल शुगर उस्मानाबाद में 164 दिन, सागर सहकारी कर्मयोगी अंकुशराव टोपे सहकारी में 162 दिन, श्री सिद्धेश्वर सहकारी सोलापुर में 160 दिन, श्री विघ्नहर सहकारी पुणे में 158 दिन, श्री सोमेश्वर पुणे में 157 दिन, संत तुकाराम पुणे में 157 दिन गन्ने की पेराई हुई है।

चीनी आयुक्त शेखर गायकवाड के मुताबिक जलवायु परिवर्तन से गन्ने की फसल प्रभावित हुई है। औसत हेक्टेयर उत्पादकता 115 टन से घटकर 80 से 85 टन तक कम हो गई है। ज्यादा खोडवा गन्ने के कारण भी चीनी के उत्पादन में गिरावट आई है। महाराष्ट्र 105.27 लाख टन चीनी का उत्पादन करने के साथ देश में इस वर्ष भी नंबर वन रहा है।

171.50 रुपए सस्ता हुआ कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर

नईदिल्ली। सरकार ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बदलाव किया है। एक मई को कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में बड़ी गिरावट आई है। देश की राजधानी समेत पटना, कानपुर, मुंबई, चेन्नई और अन्य शहरों में दाम में बदलाव आया है।

दिल्ली में 19 किलो वाला कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर अब 2028 की बजाय 1856.50 रुपये का मिलेगा। हालांकि, घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

कोलकाता में 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत घटकर 1960.50 रुपये हो गई है, जो पहले 2132.00 रुपये थी। मुंबई में एलपीजी सिलेंडर अब 1808 रुपये का मिलेगा। पहली मुंबई में इसका प्राइस 1980 रुपये था। चेन्नई में भी अब इसकी कीमत पिछले महीने के 2192 रुपये से कम होकर 2021 रुपये हो गई है।

पेट्रोलियम और ऑयल मार्किटिंग कंपनियों ने इस साल एक मार्च को कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में 350.50 रुपये प्रति यूनिट और डोमेस्टिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में 50 रुपये प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की थी।

कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में पिछली बार पिछले साल 1 सितंबर को 91.50 रुपये की कमी की गई थी। एक अगस्त 2022 को भी कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 36 रुपये की कटौती की गई थी। इससे पहले, 6 जुलाई को 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक सिलेंडर की दरों में 8.5 रुपये प्रति यूनिट की कटौती की गई थी।

सात्विक-चिराग ने भारतीय बैडमिंटन के इतिहास में लिखा एक और स्वर्णिम अध्याय

नई दिल्ली। 2023 बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप का पुरुष युगल का फाइनल मुकाबला और पहला गेम 13-13 की बराबरी पर। यह गेम एक करीबी अंत की ओर बढ़ रहा था। फिर, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने इस सबसे महत्वपूर्ण मोड़ पर सीधे पांच अंक गंवाए, और जल्द ही पहला गेम 21-16 से गंवा दिया।

दूसरे गेम में भी चीजें ज्यादा बेहतर नहीं दिख रही थीं क्योंकि भारतीय जोड़ी पहले 4-10 और फिर 7-13 से पिछड़ गए थी। अतीत में, यह वह क्षण हो सकता है जब जब भारतीय जोड़ी हताश हुई हो, निराशा ने उन्हें घेरा हो और, यहां तक कि गलत आक्रामकता की कारण मैच को गंवा दिया हो, लेकिन सात्विक और चिराग अब वही खिलाड़ी नहीं हैं जो एक साल पहले थे। अभी भी केवल 22 और 25 साल की उम्र में, वे पहले से ही बीडब्ल्यूएफ टूर पर अनुभवी खिलाड़ी हैं और नियमित रूप से बड़े टूर्नामेंटों में अच्छा कर रहे हैं।

वे शांत रहे, अपनी ठुड्डी पर वार किए, अपने तेज-तर्रार, हमलावर खेल से चिपके रहे और एक सनसनीखेज वापसी की।अंत में मलेशिया के ओंग यू सिन और टियो ई यी पर उनकी रोमांचक 16-21, 21-17, 21-19 की जीत किताबों में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो गई।

सात्विक ने मैच के बाद कहा, यह दूसरे गेम के पहले और आधे हिस्से में खराब शुरुआत थी, लेकिन हमने हार नहीं मानी। हमने अपनी नसों को बनाए रखा। हम जानते हैं कि इन परिस्थितियों को कैसे खेलना है। इसलिए, हम अच्छी लय का इंतजार कर रहे थे और फिर हमने चांस लिया। हम दूसरे और तीसरे गेम में शांत थे, जिसका फायदा हमें मिला।

चिराग ने कहा,13-8 के बाद हमने थोड़ा स्मार्ट खेलने की कोशिश की। सर्विस एक ऐसी चीज थी जिसने हमारे लिए वास्तव में अच्छा काम किया; इसने उन्हें आश्चर्यचकित कर दिया। हम डिफेंड करने के साथ-साथ काफी शांत भी थे।

ऐश्वर्या राय की फिल्म पीएस-2 ने पहले दिन कमाए 32 करोड़

निर्देशक मणिरत्नम की पोन्नियिन सेलवन 2 शुक्रवार को दुनिया भर में रिलीज़ हुई। पिछले साल जब से फिल्म का पहला भाग सामने आया है, तब से प्रशंसक दूसरे भाग का इंतजार कर रहे हैं। उनका इंतजार खत्म हुआ और फिल्म सिनेमाघरों में आ गई है। पहले भाग ने दुनिया भर में 500 करोड़ से अधिक की कमाई की, इसलिए फिल्म के दूसरे भाग के बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है। ऐश्वर्या राय और त्रिशा की इस फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था।

रिपोर्ट के मुताबिक, पीएस-2 ने देश भर में पहले दिन सभी भाषाओं में 32 करोड़ रुपये की कमाई की है। फिल्म के तमिलनाडु में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म होने की संभावना है। दूसरे पार्ट की तुलना में, पहले पार्ट ने भारत में 34 करोड़ रुपये और दुनिया भर में पहले दिन 80 करोड़ रुपये कमाए। दूसरे पार्ट की कमाई पहले पार्ट से दो करोड़ रुपये कम है।

रिपोर्ट के मुताबिक पीएस-2 ने शो से पहले 7.6 करोड़ रुपये के एडवांस टिकट बेचे थे। तो पहले भाग की एडवांस बुकिंग 16 करोड़ रुपये थी।

ट्रेड एनालिस्ट रमेश बाला ने कहा कि पीएस-2 की केजीएफ चैप्टर 2 या बाहुबली 2 से तुलना करना सही नहीं है। क्योंकि प्रशंसकों को उन दोनों फिल्मों की दूसरी किस्त के रूप में पीएस-2 के लिए लगभग उतना लंबा इंतजार नहीं करना पड़ा।

आदिपुरुष से सीता माता का नया पोस्टर रिलीज

ओम राउत के निर्देशन में बनी आदिपुरुष तब से चर्चा में है, जब इसका टीजर रिलीज हुआ था। यह फिल्म रामायण पर आधारित है और इसमें प्रभास, कृति सनोन और सैफ अली खान मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का पोस्टर रामनवमी के मौके पर रिलीज किया गया था। फिर हनुमान जयंती के दिन फिल्म से हनुमान का लुक सामने आया था। अब आदिपुरुषम में सीता माता का पहला पोस्टर रिलीज हो गया है।

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन फिल्म आदिपुरुष में सीता का किरदार निभा रही हैं। फिल्म से उनका फर्स्ट लुक आउट हो गया है। इस पोस्टर में कृति सीतामाता के भेष में नजर आ रही हैं। उन्होंने भगवा रंग की साड़ी पहनी हुई है। उनकी आंखें भी थोड़ी नम लगती हैं। आदिपुरुष में सीतामाता के इस लुक ने सबका ध्यान खींचा है।फिल्म आदिपुरुष 16 जून को सभी जगह रिलीज होगी।

आज का राशिफल

मेष : आज इच्छित कार्य पूर्ण होंगे। आप भी व्यस्त रहने से थकान महसूस कर सकते हैं। अपनी दिनचर्या को संतुलित तथा व्यवस्थित करना पड़ेगा जिससे अधिकतर काम समय पर पूरे होते जाएंगे। बच्चों को समय दें। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

वृष : आज मनोवांछित फल प्राप्त होगा।समय की कोई कमी नहीं रहेगी।व्यवसायिक तौर पर ग्रह स्थितियां आपके पक्ष में हैं। कार्यप्रणाली में कुछ बदलाव संबंधी योजनाएं बन सकती है। तरक्की के भी उचित अवसर प्राप्त होंगे।

मिथुन : आज भाग्य आपके मनोनुकूल रहेगा। समय पर कार्य सम्पन्न होंगे। कुछ समय खुद के लिए भी बीताएं। इससे आपको शारीरिक और मानसिक ताजगी के साथ ऊर्जा भी मिलेगी। स्वास्थ्य सुधार होगा।

कर्क : आज आपका सामाजिक दायरा और पारिवारिक सम्बंध यश को बढाएंगे। कार्यक्षेत्र में अपने प्रतिद्वंद्वियो के सामने आपकी ही यशोगाथा रहेगी। आपका कोई कर्मचारी साथी आपकी योजना को लीक कर सकता है।

सिंह : आपकी ऊर्जा आज आपका भरपूर साथ देंगी। पारिवारिक जिम्मेदारियों का आप बखूबी निर्वाह करेंगे। आपका उदारवादी व सहायक दृष्टिकोण सामाजिक कार्यों में एक बेहतरीन मिसाल के रूप में सामने आएगा।

कन्या : आज आपका मनोबल बढेगा। शत्रु पक्ष परास्त होंगे। लेकिन सावधानी फिर भी रखनी पडेगी। कोई भी व्यापारिक नया काम आज न शुरू करें तो सही है। आज स्थिति अधिक आपका साथ देगी है।

तुला : आज आध्यात्मिक कार्यो में रूचि और बढेगी। आप अधिकतर समय धार्मिक तथा सामाजिक संबंधी सहयोगात्मक कार्य में व्यतीत होगा। गुप्त विद्याओं के प्रति भी आपका विशेष रुझान हो रहा है।

वृश्चिक : आज आप अधिकतर समय व्यस्त रहने मे व्यतीत होगा। अपने कुछ नजदीकी और विश्वसनीय मित्रों के साथ अपने कामकाज संबंधी विचार-विमर्श अवश्य करें। आपको बेहतरीन मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

धनु : आज किस्मत आपके साथ है। व्यवसायिक विकास के लिए किसी प्रभावशाली व्यक्ति का साथ तथा आपके राजनीतिक संपर्क बहुत अधिक लाभदायक साबित होने वाले हैं। सरकारी सेवारत व्यक्तियों को अपने किसी लक्ष्य को पूरा करने से प्रमोशन वगैराह भी मिल सकता है।

मकर : आज मन की सुने और खुश रहें। अपने कार्यों से संबंधित नीतियों पर दोबारा विचार करके उनमें और अधिक सुधार लाने की कोशिश करें सफलता आपका इंतजार कर रही है।

कुंभ : आप आपकी सकारात्मक सोच आपको ऊँचाइयों तक ले जाएगी। अपना पूर्ण ध्यान अपने कार्यस्थल पर केंद्रित रखें तथा दूसरों की सलाह की अपेक्षा अपने विचारों को ही प्राथमिकता दें क्योंकि ऐसा करने से वहाँ भी सफल आप ही होंगे।

मीन : आज आप शान्तिपूर्ण तरिके से समय बिता पाएंगे। कोई भी काम करने से पहले उसके सभी पहलुओं पर अच्छी तरह सोच-विचार अवश्य करें। इससे परिस्थितियां पूर्णता आपके पक्ष में हो जाएगी।

घर पर बनाएं बाजार जैसा स्वादिष्ट ढोकला

ढोकला गुजरात का एक मशहूर व्यंजन है, जिसे देशभर में बड़े चाव से खाया जाता है। अगर आप भी घर पर इसे बनाना चाहते हैं, तो इस आसान रेसिपी की मदद से स्वादिष्ट खट्टा-मीठा ढोकला तैयार कर सकते हैं।

विधि

सबसे पहले ढोकला का बैटर तैयार करने के लिए एक बर्तन में बेसन, हल्दी पाउडर, तेल, दही, चीनी, नमक और पानी डालें।अब इन सभी चीजों को एक साथ मिलाकर 10-15 मिनट के लिए अलग रख दें।इसके बाद बैटर में बेकिंग सोडा डालकर इसे अच्छी तरह मिलाएं।अब बैटर को स्टीमर में डालें और इसे 15-20 मिनट के लिए स्टीम होने दें।इसके बाद तड़का तैयार करने के लिए एक पैन में तेल गर्म करें।अब इसमें राई डालकर उन्हें फूटने दें। फिर करी पत्ते, हरी मिर्च और हींग, चीनी और पानी डालकर ढक्कन बंद करें और गैस बंद कर दें।अब इस तड़के को ढोकलों के ऊपर डालें और ताज़े हरे धनिए से इसे गार्निश करें।खट्टा मीठा ढोकला तैयार है। इसे चटनी के साथ सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य- 51

बाएं से दाएं

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

ऊपर से नीचे

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 050 का हल

भू	कं	प	■	फा	य	दा	■	स
प	■	ल	ला	ट	■	य	ती	म
ति	ल	क	■	क	न	क	■	झ
■	क्ष्म	■	■	■	रे	■	■	■
ग	ण	क	■	सं	श	य	■	सौ
ह	■	या	च	क	■	म	न्न	त
रा	क्ष	स	■	र	क्ष	क	■	न
■	त्रि	■	■	■	मि	■	■	■
शा	य	री	■	का	त	र	■	गो

सू-दोकू- 51

	2			6			1	
3			4			2		
							6	
6					4			
	9		5			6		1
4		3			9			2
	8		2				7	
1		2		4		9		6

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.050 का हल

8	7	6	9	5	1	2	3	4
1	3	9	2	8	4	5	6	7
4	5	2	3	7	6	9	1	8
2	8	5	4	6	7	1	9	3
3	1	7	8	9	2	4	5	6
6	9	4	1	3	5	7	8	2
9	4	1	6	2	8	3	7	5
7	2	8	5	1	3	6	4	9
5	6	3	7	4	9	8	2	1